देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर – 452 001

क्रं. शैक्षणिक/सम्बद्धता/2025/808 दिनांक 08 APR 2025

प्रति,

प्राचार्य/संचालक,
श्री गोविन्दराम सेक्सरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च,
विजय नगर, इन्दौर।

विषयः– महाविद्यालय को एम.बी.ए. (फूलटाईम) (120 सीट) पाठ्यक्रम की अस्थाई सम्बद्धता का नवीनीकरण शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रदान करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत महाविद्यालय के निरीक्षण प्रतिवेदन के संदर्भ में विद्या परिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 11/02/2025 एवं कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 04/03/2025 में निम्नानुसार निर्णय लिया गया है :–

क्र.	पाठ्यक्रम	सत्र	निर्णय
1	एम.बी.ए. (फूलटाईम)	2024–25	120 सीट हेतु सशर्त अस्थाई सम्बद्धता का नवीनीकरण प्रदान किया जाता है।

शर्तेः–

1. महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य एवं 07 शिक्षकों की नियुक्ति कॉलेज कोड–28 में तीन माह में करने की शर्त पर एम.बी.ए. (फूलटाईम) (120 सीट) पाठ्यक्रम की अस्थाई सम्बद्धता का नवीनीकरण शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रदान किया जाता है।
2. महाविद्यालय द्वारा उपरोक्तानुसार शर्तो की पूर्ति कर सत्यापित पालन प्रतिवेदन विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने पर ही महाविद्यालय का नाम सत्र 2025–26 की डी.टी.ई. की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा।
3. ए.आई.सी.टी.ई., नई दिल्ली के मापदण्डों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जावें।
4. विश्वविद्यालय परिनियम क्रं. 27 का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जावें।
5. महाविद्यालय ऑल इण्डिया सर्वे आन हायर एज्युकेशन **aishe.gov.in** के पोर्टल पर महाविद्यालय से संबंधित सभी जानकारी आवश्यक रूप से अपलोड करें।

निर्देशः–सुरक्षा की दृष्टि से महाविद्यालय का सम्पूर्ण परिसर **CCTV** कैमरों की निगरानी में हो तथा निर्धारित संख्या में मान्यता प्राप्त सुरक्षा एजेंसी के सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार
कुलसचिव

क्रं. शैक्षणिक/सम्बद्धता/2025/808 दिनांक 08 APR 2025

प्रतिलिपि :–

1. उप–कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/प्रशासन की ओर सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, दे.अ.वि.वि., इन्दौर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

निदेशक,
महाविद्यालय विकास परिषद

12/04/25